रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां।

(ख) 16 प्रतिभत उ० प्र० तथा बिहार की सरकारों द्वारा अभी तक 90–91 तथा 91–92 के लिए लागत के अपने हिस्से का भुगतान किये जाने के कारण कार्य में विलम्ब हो रहा है। इसका पूरा होना सह-भागीदारों द्वारा अपने हिस्से का भुगतान कर दिए जाने पर निर्भर करेगा।

(ग) 159 करोड़ रु० (सड़क पुल सहित)।

इंडिया गेट पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का स्थापित किया जाना

835. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री भुवनेश चतुर्वेदी :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महात्मा गांधी की जिस प्रतिमा को इण्डिया गेट पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव था, वह प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए तैयार है; और

(ख) यदि हां, तो प्रतिमा को स्थापित करने में हुए विलंब के क्या कारण हैं तथा इसे तक स्थापित कर दिया जाएगा ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) : (क) जी, हां।

(ख) इंडिया गेट पर (पंचम नरेश जॉर्ज) की छतरी के नीचे महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने का आरंभिक प्रस्ताव था लेकिन विभिन्न वर्गों ने इसका विरोध किया था। मामले पर अभी सरकार विचार कर रही है और जसे ही इसके स्थान के बारे में अन्तिम निणय हो जाएगा प्रतिमा स्थापित कर दी जायेगी।

मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में रेल लाइनों की कमी

836. **श्री लक्खीराम अग्रवाल।** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में रेल लाइनें अन्य क्षेत्रों की तुलना में अपर्याप्त हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" है तो सरकार ने मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र के उन क्षेत्रों को रेल लाइन से जोड़ने के लिए कौन से कदम उठाए हैं जो पहले से रेल लाइन से नहीं जुड़े हुए हैं;

(ग) छत्तीसगढ़ क्षेत्र के उन आदिवासी क्षेत्रों के नाम क्या हैं जिन्हें रेल लाइन से जोड़ने का विचार है;

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो तो इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए इस क्षेत्र मे और रेल लाइनें बिछाने के बारे में सरकार की भावी योजनाएं क्या हैं; और

(ङ) सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना में छत्तीसगढ़ क्षेत्र में रेल लाइनों के विस्तार के लिए कितनी धनराशि आवंटित करने का प्रावधान किया है